लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1393

09 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना

1393. श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी:
श्रीमती कमलेश जांगड़े:
श्री दिनेशभाई मकवाणा:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना (आईपीडीएस) के अंतर्गत हुई प्रगति का आकलन किया है;

(ख) यदि हाँ, तो उक्त योजना के अंतर्गत स्वीकृत, पूर्ण और वर्तमान में कार्यान्वयनाधीन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय मंजूरी या अवसंरचना की तैयारी से संबंधित ऐसी किसी चुनौती की पहचान की है जिसके कारण आईपीडीएस परियोजनाओं में देरी हो रही है;

(घ) यदि हाँ, तो किए गए सुधारात्मक उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा उक्त योजना के अंतर्गत लंबित परियोजनाओं के कार्य में तेजी लाने और प्रसंस्करण पार्कों का समय पर पूरा होना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (घ): सरकार वस्त्र उद्योग को आवश्यक पर्यावरण मानदंड को पूरा करने में सहायता करने और प्रोसेसिंग कलस्टरों/प्रोसेसिंग पार्कों में नए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स (सीईटीपी) को बढ़ावा देने/सीईटीपी के अपग्रेडेशन में मदद करने के लिए, वर्ष 2013 से एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना(आईपीडीएस) क्रियान्वित कर रही है। इस योजना का उद्देश्य भारतीय वस्त्र उद्योग को पर्यावरण अनुकूल प्रसंस्करण मानदंडों और प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके वैश्विक प्रतिस्पर्धी बनने में सहायता करना है। यह योजना वर्तमान टेक्सटाइल कलस्टरों में टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन और क्षमता बढ़ाने के लिए भी क्रियान्वित होगी। यह योजना दिनांक 31.03.2021 तक लागू थी, और अब, यह योजना केवल जारी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए क्रियान्वित की जा रही है।

इस योजना के तहत, 6 परियोजनाओं को मंज़ूरी दी गई है, जो क्रियान्वित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं की राज्यवार जानकारी निम्नलिखित है:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	राज्य	स्थिति
1	बालोतरा वाटर पाल्यूशन कंट्रोल ट्रीटमेंट एंड रिवर्स ऑस्मोसिस प्राइवेट लिमिटेड,	राजस्थान	समाप्त होने वाली है
2	जसोल वाटर पाल्यूशन कंट्रोल ट्रीटमेंट एंड रिवर्स ऑस्मोसिस प्राइवेट लिमिटेड	राजस्थान	समाप्त होने वाली है
3	सांगानेर एनवायरो प्रोजेक्ट डेवलपमेंट,	राजस्थान	कार्यान्वयन जारी है
4	नेक्स्टजेन टेक्सटाइल पार्क,	राजस्थान	कार्यान्वयन जारी है
5	पाली कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट,	राजस्थान	कार्यान्वयन जारी है
6	गुजरात इको टेक्सटाइल पार्क, राज्य	गुजरात	समाप्त होने वाली है

(ङ): लंबित परियोजनाओं को शीघ्र कार्यान्वित करने के लिए, दिनांक 21 नवंबर 2025 को परियोजना अनुमोदन समिति (पीएसी) की एक बैठक हुई, जिसमें सामने आई चुनौतियों, तैयार की गई अवसंरचना की स्थिति आदि की विस्तार से समीक्षा की गई और उन्हें शीघ्र पूरा करने के लिए निर्देश दिए गए।

****